जनमत पार्टी के सदस्य कृपया नीचे के लिंक पर दिये गये पोस्टर का #फ्लेक्स प्रींट करा लें और हरेक चौक-चौराहे-दलान में सदस्य या समिति बनाते समय उसे दिखाकर ब्रिफिंग करें। साथ में सभी को देने के लिए एक #पर्चा भी हो।

डाउनलोड:
यह फ्लेक्स प्रींट/पोस्टर: https://bit.ly/2m2fQPv http://janamatparty.org/files/2019/12/janamat_poster.png
पर्चा: https://bit.ly/2mkL4RQ

व्याख्या इस तरह से करें:

जनमत पार्टी - "जनता" के "मत" के अनुसार चलनेवाली पार्टी। इसलिए यह नाम रखा गया है। जनता जो कहेगी, यह पार्टी वही करेगी।

यह निर्वाचन आयोग में दर्ज है। दर्ता नं. १५० है। हरेक गतिविधि संवैधानिक और कानूनसम्मत है।

पार्टी के केन्द्रिय अध्यक्ष डा. सी. के. राउत है।

पार्टी के झंडा में क्रमअनुसार लाल, उजला और हरा खड़ा स्ट्रीप है और बीच में अष्टदल है जो सम्यक् (सम्पूर्ण) क्रान्ति का चिन्ह है। सम्यक् क्रान्ति मतलब आठों आयाम -- राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, वैचारिक, वातावरणीय और आध्यात्मिक आयाम -- में क्रान्ति है।

जनमत पार्टी का राजनैतिक सिद्धान्त "सामुदायिक स्वराज" है। इसका आधार-स्तम्भ (क) जन-संप्रभुता (ख) लोकतन्त्र, (ग) सामाजिक न्याय और, (घ) समाजवाद है।

जनमत पार्टी "सामुदायिक स्वराज" लाना चाहती है, जहाँ हरेक जनता को यह लगे कि यह मेरा ही शासन है, यह मेरा ही राज है, किसी दूसरे समुदाय, नेता, पार्टी या कर्मचारी का नहीं।

जनमत पार्टी क्यों ?
----

१. जन-संप्रभुता / जनता-राज:

जनमत पार्टी जनताको वास्तविक रूप में सर्वशक्तिशाली के रुप में स्थापित कर जनता-राज लाएगी, जहाँ पर जनता सबसे बड़ा होगा। बडे नेता हो या कर्मचारी, सभी जनता के आगे झूकने पर मजबूर होंगे, जनता के प्रति जिम्मेबार होंगे, ऐसी व्यवस्था लाएगी। नेताओं की मनोमानी वाला राज को खत्म होगा और जनता की वास्तविक संप्रभुता स्थापित होगी।

२. राइट टू रिकाल :

जनमत पार्टी 'वापस बुलाने का अधिकार (राइट टू रिकाल)' को संविधान में संस्थागत करेगी। अभी ५ वर्ष में एक बार आप भोट देकर जनप्रतिनिधि को जीताते हैं, और जीतने के तुरन्त बाद ही वही नेता, उसीके कार्यकर्ता, वही जनप्रतिनिधी आपको लात मारने लगता है, आप पर दमन करने लगता है, आपका शोषण करने लगता है। आपका काम नहीं कर देता। घूस मागता है। भ्रष्टाचार करता है। आपको आंख दिखाता है। पुलिस प्रशासन से मिलकर आपको ही फसाने लगता है। क्योंकि

एक बार जीता देने पर फिर उसको आपसे मतलब नहीं रहता। परंतु जनता के पास 'राइट टू रिकाल' अधिकार होने पर जैसे आप देखेंगे कि जनप्रतिनिधी भ्रष्टाचार, दमन, शोषण करने लगा, इमान्दारी से काम नहीं कर रहा, तो आप उनको कभी भी फिर से पद से हटाकर वापस बुला सकते हैं। ५ वर्ष तक ही उनको झेलना नहीं पडेगा। इससे शक्ति सदैव जनता के हाथ में रहेगी और जनप्रतिनिधि सदैव जनता के आगे झुककर सेवा करेगा।

३. आत्मनिर्णय का अधिकार

जनमत पार्टी UN साधारण सभा के द्वारा १९६० दिसम्बर १४ में पारित निर्णय 1514 (XV), तथा १९६६ दिसम्बर १६ में पारित निर्णय 2200A (XXI) ICCPR/ICESCR अनुसार समुदाय के आत्मनिर्णय का अधिकार स्थापित करेगी और संघीयता, स्वायत्तता और गणतन्त्र को मजबूत बनाएगी। हरेक प्रदेश और स्वायत्त क्षेत्र अपने विषय में खुद ही निर्णय कर सकेगा।

४. प्रत्यक्ष लोकतन्त्र (जनमत-संग्रह, जनअभिमत, राय)

स्थानीय स्तर से संघीय सरकार तक में प्रत्यक्ष लोकतन्त्र का कार्यान्वयन किया जायेगा। किसी भी प्रस्ताव पर ५ लाख मतदाता के हस्ताक्षर पेश करने पर जनमत-संग्रह कराने का प्रावधान संविधान में ही रखा जायेगा। स्थानीय स्तर में भी हरेक प्रमुख निर्णय तथा विकास परियोजना चयन प्रत्यक्ष लोकतन्त्र द्वारा (जैसे मोबाइल के द्वारा जनता का मत लेकर) किया जायेगा। जनप्रतिनिधि अपनी मनोमानी नहीं कर पायेगी, क्या काम करना है उसे जनता से पूछना पडेगा।

५. भ्रष्टाचार नियन्त्रण

जनलोकपाल जैसे संयन्त्र लाकर, सूचना का अधिकार और अख्तियार दुरुपयोग निकाय को प्रभावकारी बनाकर भ्रष्टाचार को जड़ से ही उन्मूलन किया जायेगा। हर जगह जो लूटतन्त्र, कमिशनखोरी और चरम भ्रष्टाचार फैला हुआ है, उसे जड़ से मिटाया जायेगा।

६. मधेश में १० लाख रोजगारी

मधेश में १० लाख रोजगारी सिर्जना करके 'हर घर एक रोजगारी' दिया जायेगा। युवाओं को स्वदेश में ही रोजगार मिलेगा।

७. १ वर्ष अनिवार्य तालिम/स्वयंसेवा

SEE परीक्षा देने और नागरिकता लेने से पहले विद्यालय के पाठ्यक्रम के रूप में ही सभी नागरिक के लिए १ वर्ष अनिवार्य स्वयंसेवक/कैडेट तालिम दिया जायेगा, जिसमें ६ महिना 'भोकेशनल' तालिम भी अनिवार्य समावेश किया जायेगा ताकि हरेक नागरिक जिम्मेबार, सक्षम और आत्मनिर्भर हो सके।

८. सामाजिक न्याय

हरेक वर्ग और समुदाय को राज्य के साधनस्रोत और अवसर पर समन्यायिक और सहज पहुँच को सुनिश्चित करते हये सामाजिक न्याय को स्थापित किया जायेगा। समाज में दलित, उत्पिडित, सीमान्तकृत, अल्पसंख्यक सभी को राज्यव्यवस्था में हिस्सेदारी की सुनिश्चितता की जायेगी।

९. दमन शोषण विभेद का अंत

चाहे सेना पुलिस और कर्मचारि द्वारा हो, या जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और उनके लठैत द्वारा हो, या समाज के ही सामन्त और शक्तिशाली वर्ग द्वारा हो, समाज में व्याप्त हरेक प्रकार का दमन, शोषण और विभेद का अंत किया जायेगा।

१०. समान अधिकार

नेपाल के संविधान में बदलाव लाते हुये विभेदपूर्ण सीमांकन और प्रावधान को न्यायसंगत करते हुये तथा नागरिकता सहित के प्रावधानों में समान अधिकार सुनिश्चित् किया जायेगा।

११. पूर्व सम्झौता कार्यान्वयन

इससे पहले मधेश आन्दोलन , मुस्लिम आन्दोलन , थरुहट/थरुवान् आन्दोलन , दलित आन्दोलन , आदिवासी आन्दोलन , स्वराज आन्दोलन के समय में जितने भी सम्झौता नेपाल सरकार ने किया है, उसे कार्यान्वयन में लाने के लिए पहल जनमत पार्टी करेगी।

१२. सेना में सामुहिक प्रवेश

२०६४ साल फागुन १६ गते हुये ८-बूँदे सम्झौता के अनुसार ३० हजार मधेशियों को नेपाली सेना में सामुहिक प्रवेश के लिए पहल किया जायेगा।

१३. समाजवाद, विकास और समृद्धि

सभी जनता के लिए खाना, कपड़ा, आवास, भूमि, +2 तक नि:शुल्क शिक्षा, यूनिवर्सल हेल्थ केयर, एकीकृत सामाजिक सुरक्षा, योग्य सभी के लिए रोजगार की व्यवस्था की जायेगी। जनमत पार्टी कृषि, उद्योग और सेवा सहित हरेक क्षेत्र में कार्य को तीव्र गति से विस्तार करते हुये समाज को विकास और समृद्धि की ओर ले जाने के लिए काम करेगी।

१४. ILO 169

ILO 169 को कार्यान्वयन कर साधन-स्रोत पर मधेशियों का अग्राधिकार कायम किया जायेगा। जल, जमीन, जंगल, खानी सहित के साधन-स्रोत पर सबसे पहले स्थानीय/आदिवासी समुदाय का अधिकार कायम किया जायेगा।

१५. वातावरण संरक्षण

चुरिया पर्वत को संरक्षित क्षेत्र बनाकर आप्रवासन को व्यवस्थापन करने के लिए तथा वृक्षारोपन करके पर्यावरण बचाने में योगदान देने के लिए जनमत पार्टी काम करेगी।

###

यह पार्टी निर्वाचन में भाग लेगी और हरेक तह पर अपना कब्जा जमाकर ऊपर के परिवर्तन लाने का काम करेगी।

सब को देखे बार बार, जनमत पार्टी अब की बार
सामुदायिक स्वराज लायेंगे, जनता-राज बनायेंगे
भ्रष्टाचार मिटायेंगे, १० लाख रोजगारी दिलवायेंगे

जनमत दें, सारे अधिकार लें

मधेश की मिट्टी के प्रति ईमान्दार, नि:स्वार्थ रूप से मधेश के लिए हर समय जान तक देने के लिए जूनून रखनेवाले, हरेक तरीके से स्वच्छ, जागरुक ऊर्जाशील योग्य कार्यकर्त्ताओं वाली जनमत पार्टी से जुड़ें, समृद्ध मधेश का निर्माण करें, अपना भविष्य सुनिश्चित् करें।

डा. सी. के. राउत का नेतृत्व:

विलायत की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से पिएच. डी. किये तथा अमेरिका में वैज्ञानिक रह चुके, —मधेश का इतिहास', —मधेश स्वराज', —वीर मधेशी', —वैराग से बचाव तक' आदि किताबें लिखकर मधेश में पुनर्जागरण लानेवाले, मधेश के लिए २ दर्जन बार गिरफ्तार होकर हिरासत/जेल काटनेवाले तथा अनेकों यातना सहनेवाले, लाख दु:खकष्ट सहकर भी मधेश की भूमि पर ही रहकर सेवा करनेवाले, अपना सब सुखशयल त्याग करके मधेश के उत्थान के लिए दिनरात अपनी जान पर खेलनेवाले डा. सी. के. राउत के नेतृत्व में मधेश को समृद्ध और अधिकार सम्पन्न बनायें।

जय जनमत, जय स्वराज !

जनमत पार्टी – जिन्दाबाद !
सामुदायिक स्वराज – जिन्दाबाद !
डा. सी. के. राउत – जिन्दाबाद !